कार्यालय : जनपद न्यायाधीश, कासगंज ।

नीलामी सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय, कासगंज के स्वीकृत आदेश के अनुपालन में जनपद न्यायालय, मामों, कासगंज परिसर में स्थित तीन छोटे आम के बागों की फसल नीलामी दिनॉक 04.06.2021 को समय 01.30 पी0एम0 बजे पर जनपद न्यायालय, कासगंज के भूतल पर स्थित मीटिंग हॉल में सम्पादित की जायेगी, इच्छुक व्यक्ति समय पर उपस्थित आकर नीलामी की कार्यवाही में भाग ले सकते हैं । ठेके का विवरण एवं शर्तों के सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय, कासगंज से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

जनपद न्यायालय मामों, कासगंज परिसर में स्थित तीन छोटे आम के बागों की फसल नीलामी से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें –

1. ठेके की अवधि दो फसल हेतु दिनॉक 01.08.2021 से दिनॉक 31.07.2023 तक रहेगी ।
2. सबसे अधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति के पक्ष में ठेका छोड़ा जायेगा।
3. ठेके की धनराशि उसी समय जमा करनी होगी ।
4. प्रत्येक बोलीदाता को मु0 5,000/–रूपये बोली बोलने से पूर्व जमा करने होंगे तथा साथ में अपना आई0डी0 प्रूफ दाखिल करना होगा ।
5. बोली बोलने वाला व्यक्ति काली सूची के अन्तर्गत न आता हो, कोई आपराधिक मामला पंजीकृत न हुआ हो और न ही किसी प्रकार का मामला विचाराधीन हो ।
6. बोली स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय, कासगंज के पास पूर्णतः सुरक्षित रहेगा ।
7. ठेकेदार के पक्ष में छोड़े गए ठेके की धनराशि के मूल्य के जमानत प्रपत्र प्रस्तुत करने होंगे एवं जिस व्यक्ति के नाम ठेका होगा उसे माननीय उच्च न्यायालय के प्रपत्र सं0–31/एस दिनॉकित 16.03.1988 में दी गयी शर्तों के अनुसार ठेकेदार को ठेका स्वीकृत होने के पश्चात् 100/–रूपये का स्टाम्प पेपर लेकर आना होगा और अनुबन्धपत्र निष्पादित करना होगा ।

दिनॉक : .05.2021

अध्यक्ष नीलामी समिति/
प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कासगंज ।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. जिला सूचना अधिकारी, कासगंज को G.O.No-562/उन्नीस–2–2007–107(T.C) दिनॉकित 04.07.2007 के अनुरूप समस्त स्थानीय समाचारपत्रों में निः शुल्क प्रकाशित कराये जाने एवं सूचनापट पर चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित ।
2. 18 न्यायालय भवन जजी, कासगंज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित ।
3. कलेक्ट्रेट, कासगंज के सूचनापट पर चस्पा किये जाने हेतु ।
4. समस्त सार्वजनिक स्थान पर चस्पा करने हेतु ।
5. नोडल अधिकारी कम्प्यूटर को जनपद न्यायालय कासगंज की वेबसाईट पर अपलोड़ करने हेतु एवं माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

दिनॉक : .05.2021

25/05/2021

अध्यक्ष नीलामी समिति/
प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कासगंज ।